# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## नवम्बर 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# महिलाओं ने रंगोली से उकेरे चुनई चिरई, 17 नवंबर को  मतदान अवश्य करे

भिलाईनगर। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिक अभियान में जुड़ रहे है, इसी के तहत आज टाउनशिप क्षेत्र में महिलाओं ने निर्वाचन विषय पर रंगोली बनाकर 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किए। मतदान हमारा अधिकार है और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए मतदान करना हर मतदाता का नैतिक कर्त्तव्य भी है इसलिए देश के प्रति अपना कर्तव्य को निभाते हुए मतदान करने का संकल्प लिए। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा जोन 5 क्षेत्र के सेक्टर 6 स्थित बांके बिहारी डोम शेड में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुई और जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विषयो को लेकर रंगोली उकेरे जिसमे आकर्षण का केंद्र चुनई चिरई रहा । महिलाओं ने  रंगोली से अलग अलग संदेश दे रहे थे। किसी ने रंगोली से चुनावी मुहर तो किसी ने वोटिंग मशीन की प्रतिकृति उकेरे । कुछ महिलाओं ने सामूहिक रूप से रंगोली बना कर बताया  आई एम प्राउड वोटर, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे भी रंगोली से लिखे।



# निगम क्षेत्र के तालाब,उद्यानों की साफ-सफाई हो रही प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त

भिलाईनगर । भिलाई निगम क्षेत्र के तालाब एवं उद्यानों की युद्व स्तर पर सफाई किया जा रहा है, त्यौहारी सीजन को देखते हुए आयुक्त के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्ग, व्यवसायिक क्षेत्र, उद्यान, कालोनी तथा गली मोहल्ले में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किया जा रहा है भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने आगामी दिपावली पर्व एवं छट पर्व को ध्यान में रखते हुए जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि शहर के सभी पोल में लगे लाईट चालू हो जिन पोल में फिक्चर नहीं है उनमें तत्काल व्यवस्था कर बंद एवं बिना लाईट वाले पोल में लाईट लगाकर चालू करें। निगम के जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ तालाबों का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिये है विशेष रूप से जिन तालाबों में छट पूजा का आयोजन किया जाता है भेलवा तालाब, कोहका तालाब, शीतला तालाब, सूर्यकुण्ड तालाब, सेक्टर 2 तालाब, सेक्टर 7 तालाबो की सफाई किया जा रहा है और जिन तलाबो मे जलकुम्भी है विर्सजन किये गये देव प्रतिमा के अवशेष है उसका गहराई से कचरो की सफाई कर तालाब पार की साफ-सफाई और रंगाई पोताई का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार नगर के उद्यानों की भी सफाई विशेष रूप से किया जा रहा है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# सार्वजनिक स्थानों पर लगे प्रचार सामग्री को निगम की टीम कर रहे जप्त

भिलाईनगर । भिलाई निगम की टीम वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र से अब तक 11 हजार से अधिक राजनैतिक प्रचार सामाग्री को सम्पत्ति विरूपण के अधीन कार्रवाही कर हटाया है। भिलाई निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने निगम प्रशासन जुटा हुआ है और क्षेत्र में घूम घूम कर निगम का अमला राजनैतिक पार्टियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर किए गए वाॅल राईटिंग को मिटाने के साथ ही प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स, फ्लेक्स को निकालकर जप्त कर रहे है।

शासकीय भवन, बिजली खंभे, पेड़ पौधों में लगे राजनीतिक विज्ञापनों को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत हटाया जा रहा है। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो अलग अलग पाली में शहर का भ्रमण करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान से 7 हजार झंडे बैनर तथा निजी संपत्ति से 5 हजार से अधिक प्रचार सामग्री जप्त कर चुके है।

निगम के सभी जोन आयुक्त, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी की टीम प्रतिदिन सुबह माॅर्निंग विजिट कर रहे है। जोन की टीम सुबह से जोन क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्र, बेनर, पोस्टर, दीवार लेखन, एल.ई.डी. स्क्रीन, झण्डे की जाॅच कर रहे है और बिना अनुमति के लगे राजनैतिक प्रचार सामग्री को जप्ती बना रहे है।

आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही के लिए पृथक से कंट्रोल रूम बनाया गया है सूचना प्राप्त होने पर टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही कर रहे है। निगम के निगरानी दल शहर मे होने वाले आयोजनों तथा टेंट पंडाल पर भी नजर रखे हुए है अनुमति पत्र नहीं दिखाए जाने पर तत्काल प्रभाव से हटाया भी जा रहा है। आचार संहिता लगने के बाद से अब तक निगम क्षेत्र के भिलाईनगर व वैशालीनगर विधानसभा से निजी व सार्वजनिक जगहों से 4677 स्थान से वाल राईटिंग, 6108 नग पोस्टर, 364 बैनर, 476 अन्य प्रचार सामग्री को निगम की हटा चुकी है।

# औचक निरीक्षण में 150 नदारत

भिलाईनगर । विधानसभा निर्वाचन का मतदान संपन्न होने के बाद निगम में जनहित के कार्यो को पटरी पर लाने हेतु आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने निगम मुख्यालय के सभी विभागों का औचक निरीक्षण कर विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जाॅच किये तो 150 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित पाये गये। आयुक्त रोहित व्यास ने चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य पर मुस्तैद रह कर जनहित के कार्यो को गति प्रदान करे, इस उददेश्य को लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी को निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के सभी विभागों का अवलोकन कर अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जाॅच किये जाने के निर्देश दिये गये थे, जाॅच में विभाग प्रमुख सहित 150 अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्री द्विवेदी ने डाटा सेंटर को सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का निष्ठा एप्प में जाॅच कर देर से आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है, उसी प्रकार स्थापना अधीक्षक को उपस्थिति पंजी की जाॅच कर अनुपस्थित रहने वालो को नोटिस दिये जाने का निर्देश दिये है।



# रोका छेका , सम्पत्ति विरूपण के लिए नये सिरे से टीम गठित

भिलाईनगर । निगम द्वारा सरकारी भवन, बिजली खम्बो, पुल एवं पुलिया में लगाये गये बेनर पोस्टर, झण्डे की जप्ती  तथा रोका छेका के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नये सिरे से टीम का गठन किया गया है। विधानसभा निर्वाचन के प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने तथा धूमन्तू पशुओं पर लगाम लगाने आयुक्त रोहित व्यास ने नये सिरे से टीम गठन किया है, ताकि संपत्ति विरूपण एवं रोका छेका संकल्प अभियान पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किया जा सके। आगामी 15 दिवस के लिए गठित टीम के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सहायक नोडल अधिकारी रमाकांत साहू उपायुक्त होगें। टीम में अनिल सिंह, धीरज साहू, जगदीश तिवारी, अनिल मेश्राम, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी, हरिओम गुप्ता, व्ही के सैम्युएल, अमन पटले, अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, आर के तिवारी, सुदामा परगनिहा, यशवंत मसकरे, कमलेश द्विवेदी, हेमंत मांझी, अंजनी सिंह, योगेश ठाकुर, विश्वकांत सम्मिलित रहेगें, जो सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में घुम कर निर्धारित तिथि अनुसार सभी जोन में सड़क पर घूमने वाले पशुओं की घड़पकड़ तथा शासकीय भवन, पुल पुलिया, बिजली खम्बो एवं पेड़ पौधो में लगाये गये राजनैतिक पार्टी के बेनर, पोस्टर व झण्डे को उतार कर जप्ती की कार्यवाही करेगे। पशुओ को गौठान में रखा जायेगा, जहां उनके लिए छांव तथा हरे चारे एवं पानी की व्यवस्था किया गया है। टीम प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यवाही का प्रतिवेदन नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेगे।



# भवन की वास्तविक स्थिति का संपत्तिकर जमा करें।

भिलाईनगर। निगम भिलाई क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों की जा ॅच की जा रही है। भवन मालिक द्वारा भरे गये स्व विवरणी एवं जा ॅच में मौके पर अंतर पाये जाते है तो संपत्तिकर की राशि पर दण्ड स्वरूप 5 गुना शास्ति राशि की वसूली की जायेगी। एजेंसी के प्रतिनिधि भवनों में पहु ॅचकर निर्मित तलो की जा ॅच कर रहे है। ताकि भवन मालिक द्वारा प्रस्तुत स्व विवरणी के साथ मिलान कर वास्तविक संपत्तिकर की गणना हो सके। भिलाई निगम क्षेत्र के सभी भवनों का जांच किया जा रहा है जिसकी शुरूआती जा ॅच में भवनो एवं उसके भरे गये स्व विवरणी में भिन्नता पाई जा रही है। ऐसे प्रकरणो में भवन मालिक के उपर संपत्तिकर की राशि पर 5 गुना शास्ति राशि दण्ड स्वरूप देय होगा। भवन मालिक अंतर की राशि को निगम कोष में जमा कर अर्थदण्ड से बच सकते है।

आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि मालिको से अपील किये है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के देय संपत्तिकर राशि का एकमुस्त भुगतान कर 30 नवम्बर तक 2 प्रतिशत छूट का लाभ अवश्य उठाये।



# जीई रोड के दोनो किनारो केअवैध कब्जे होंगे बेदखल

भिलाईनगर। शहर की सुंदरता व सुगम यातायात में अवैध कब्जा तथा सार्वजनिक स्थलों पर खड़े वाहन, कंडम वाहन बाधक है। इसे हटाने निगम द्वारा आगामी सप्ताह से अभियान चलाया जायेगा, जिसमें व्यापारियों का सहयोग अपेक्षित है।

निगम सभागार में आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर जी.ई.रोड से लगे सर्विस रोड पर रि-सेल वाहनो के विक्रेताओं की आहुत बैठक में उक्त बाते अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा उन्होने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि फुटपाथ, पार्किंग,सार्वजनिक स्थल, सड़क से अवैध कब्जा हटाया जाये, ताकि यातायात में कोई बाधा उत्पन्न न हो । इसी के परिपालन में भिलाई के सेकण्ड हैण्ड वाहन विक्रेताओ को इस बात की जानकारी हो कि जी.ई.रोड के दोनो किनारो पर सर्विस रोड में अपने विक्रय वाहनो को प्रदर्शन के लिए खड़े रखते है जो यातायात में सबसे बड़ा बाधा है। व्यापारी अपने वाहन को वहां से हटा लेवे ताकि निगम द्वारा किये जाने वाले कार्यवाही से बच सके। दक्षिण गंगोत्री व्यवसायी क्षेत्र से आये व्यापारी हरजीत सिंह तथा हरीश पटेल ने सुझाव देते हुए कहा कि निगम अपनी भूमि का हमसे किराया वसूल करे अथवा हम व्यापारियों को अपने वाहनो को खड़े करने के लिए एक स्थान निर्धारित कर देवे ताकि हम अपना वाहन विक्रय हेतु सड़क पर न रखे।



# सड़क पर घूमने वाले  मवेशियों को पकड़ रही निगम की टीम

भिलाईनगर ।  घूमन्तू मवेशी मुक्त शहर बनाने के लिए निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। कहीं भी झुंड में मवेशियों के बैठे होने की शिकायत पर टीम शीघ्रता से वहां पहुंचकर उन्हें पकड़ने का कार्य कर रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा मवेशी मुक्त शहर बनाये जाने के निर्देश कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने दिये है। जिसके लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विशेष दल का गठन किया है जिसमें शामिल दल के कर्मचारी दो पाली में अभियान चलाकर  3 काउकैचर वाहन के माध्यम से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में घूम घूम कर मवेशियों को पकड़ रहे है साथ ही सभी प्रमुख बाजार में सुबह एवं शाम के समय फेरा लगा  रहे है जिससे कि बाजार में आने वाले नागरिकों को आवारा मवेशियों की वजह से किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त श्री व्यास के निर्देश पर नवम्बर माह में ही 223 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। बता दें कि गौठान में बढ़ रहे पशुओ की संख्या को देखते हुए भिलाई निगम की सीमा जामुल परिक्षेत्र के पास एक नया गौठान का निर्माण किया जा रहा है साथ ही जनपद पंचायत से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण गौठानो में भी जानवरो को रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है।



# वृक्षारोपण की होगी आडिट

भिलाईनगर । नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लक्ष्य के आधार पर किये गये वृक्षारोपण की आडिट के लिए आयुक्त ने टीम गठित कर 3 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने, बिजली पोल में किये गये नम्बरिंग की पूर्णतः प्रमाण पत्र तथा आनलाईन शिकायतो में दर्ज प्रकरणो की समीक्षा आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने किया। आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई के सौदर्यीकरण एवं हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत जी.ई.रोड, उद्यान, शासकीय भूमि, अस्पताल परिसर, गौठान, एस.एल.एम.आर. सेंटर, व्यवसायिक क्षेत्र आदि में वृक्षारोपण के निर्देश वर्षाऋतु के पूर्व दिये थे। जिसके लिए प्रत्येक जोन को वृक्षारोपण करने लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वर्तमान में किये गये वृक्षारोपण की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने अभियंताओं की टीम गठित कर 3 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रसारित किये है। टीम के सदस्य वृक्षारोपण स्थल का मौका मुवायना कर सुख गये पेड़, छतिग्रस्त पाईप की जानकारी एकत्र करेगे, ठेका प्राप्त एजेसी को खाद पानी नियमित रूप से प्रदान किये जाने की जानकारी भी प्रारूप में प्रस्तुत करेगें। उक्त जानकारी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रदान करते हुए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने आगे कहा की आयुक्त द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के सभी बिजली खम्बो की नंबरिंग के साथ बंद लाईट को बदल कर चालू करने के निर्देश दिये थे इसकी भी जानकारी टीम के सदस्य उपलब्ध करायेगें।



# स्व-विवरणी जाच में 4359 भवनो में पाये गये अंतर

भिलाईनगर। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और लक्ष्य के विरूद्ध सिर्फ 16.77 प्रतिशत की वसुली पर राजस्व वसुली ठेका एजेंसी पर बिफड पडे अपर आयुक्त । बैठक मे आधी अधुरी जानकारी दिए जाने पर भी एजेंसी को फटकार लगाई भिलाई निगम का राजस्व सम्पत्तिकर जलकर, भुभाटक, दुकान किराया, युजर चार्ज वसुली का जिम्मा श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को सौपा गया है । आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर राजस्व वसुली की समीक्षा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार मे किया जहाँ एजेसी के प्रतिनिधि ने बताया कि 31 हजार से अधिक भवनो से 23.58 करोड रूपया वसुली किया जा चुका है चुनाव तथा त्योहारी मौसम के कारण वसुली की गति मध्यम है इस पर अपर आयुक्त बिफड पडे उन्होंने कहा कि एजेसी की जिम्मेदारी है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व दिये गये वसुली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करे । वित्तीय वर्ष समाप्त होने जा रहा है और मात्र 16.77 प्रतिशत ही वसुल किया गया है । अपर आयुक्त ने कहा कि एजेंसी वसुली बढाने के लिए वार्डो मे शिविर लगावे निगम क्षेत्र मे मुनादी करावे और आगामी तीन माह के भीतर शत प्रतिशत वसुली कर दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करे।

श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अविनाश ने बताया कि कुल 92 हजार भवनो मे से 31 हजार भवन से 23.58 लाख सम्पत्तिकर की राशि वसुल किया जा चुका है। 4359 घरो से जल की राशि जमा किया गया है उसी प्रकार 1298 स्थल का भुभाटक जमा किया गया है।



# सर्विस रोड पर निगम ने चलाया वृहद बेदखली अभियान जमीन समतल कर पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त किये

भिलाईनगर । राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सर्विस रोड पर निगम ने वृहद बेदखली अभियान चलाकर दक्षिण गंगोत्री एवं उत्तर गंगोत्री क्षेत्र के 35 स्थानो से कब्जा हटाने की कार्यवाही किए। जिन लोगों ने बाॅस बल्ली, ठेला गोमचे, बेनर पोस्टर, बोर्ड तथा विक्रय के लिए वाहन को रख थे उनसे दंड भी वसूला गया। सड़क पर डंप रेत, गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री को हटाकर सड़क को आवागमन के लिए खाली कराया गया। अभियान के दौरान 20800 जुर्माना भी वसूल किया गया। तोड़फोड़ दस्ता के साथ चल रहे जे.सी.बी. सुपेल चौक से लेकर प्रयास स्कूल के सामने तक सर्विस रोड के किनारे जमीन को समतल कर चूना मार्किंग किया गया ताकि उक्त स्थल पर व्यवस्थित रूप से लोग अपना वाहन खड़े कर सके। कार्यवाही के दौरान 7 स्थानों से अवैध कब्जा, 16 स्थानों से वाहन विक्रेता को हटाया गया वहीं स्ट्रीट वेंडर्स के रूप में 15 फूल विक्रेता जो सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय कर रहे थे उन्हें आवंटन के अतिरिक्त किए गए घेरे को गुरूवार को स्वयं से हटा लेने को कहा गया है। बेदखली अभियान का नेतृत्व अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अभियान के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, ट्राफिक उप अधीक्षक पीड़ी चंद्रा कर रहे थे, उन्होने वाहन विक्रेताओ से कहा की चिन्हित पार्किंग स्थल पर विक्रय के वाहन प्रदर्शन के लिए न रखे। अभियान में नामांकित अधिकारियों के साथ यातराम चंद्राकर, राजेश गुप्ता, दिनेश बेलचंदन, इमान सिंह, गौकरण, खेमलाल यादव, चैतु, मानसिंह, यातायात पुलिस बल साथ रहे।

